>

Title: Need to give compensation to the farmers of Kodarma and Jharkhand who faced crop loss due to heavy rainfall and hailstorm.

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा): अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान बेमौसम बरसात की ओर ले जाना चाहती हूं। देश के कई हिस्सों में 13 से 15 मार्च के बीच वर्षा और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। तीन दिन की ओलावृष्टि ने रबी फसल के साथ-साथ सब्जी की खेती को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तूफान की वजह से कई जगह बिजली के पोल एवं तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। कई लोगों के मकान ध्वस्त हो गए।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा सहित संपूर्ण झारखंड में हुए फसलों के नुकसान तथा अन्य क्षति का आकलन करने के लिए वहां पर एक केन्द्रीय दल भेजा जाए और अविलंब मुआवजा दिए जाने की कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।